

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

अनमोल वचन

घमंड ना करना जिंदगी में,
तकदीर बदलती रहती है,
आईना वही रहता है, तस्वीर
बदलती रहती है।

बुधवार 01 जुलाई 2026 वर्ष 02 अंक 171 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## भ्रष्टाचारियों को नहीं मिलेगा सम्मान, ईमानदार व्यवस्था से बनेगा विकसित भारत : दिलीप जायसवाल

### नेता और अधिकारी ईमानदार होंगे तभी बदलेगी व्यवस्था : दिलीप जायसवाल

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोट राजगीर(नालंदा)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, नालंदा एवं भाजपा महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में राजगीर स्थित संस्कार सेवा सदन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें स्मरण पक्ष के अवसर पर छात्र–छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल तथा भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं बिहारशरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार, भाजपा नालंदा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज, कार्यक्रम प्रभारी एवं युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री आनंद प्रकाश, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार ने किया। राजगीर पहुंचने पर मंत्री दिलीप जायसवाल और प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह–जगह भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर भी उन्हें माला, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मंत्री दिलीप जायसवाल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जिस कश्मीर के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, आज वही कश्मीर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर के युवाओं के हाथों में पत्थर नहीं, बल्कि किताब और कलम है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद थे और कम उम्र में ही कुलपति बनने का गौरव प्राप्त किया था। उनका पूरा जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भ. ागीदारी निभाएं।मंत्री ने सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक और देशविरोधी प्रचार से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि विदेशी प्लेटफॉर्मों के माध्यम से भारत की छवि खराब करने की साजिशें रची जा रही हैं, लेकिन देश के युवा और छात्र–छात्राएं ऐसे षड्यंत्रों को कभी सफल नहीं होने देंगे।




उन्होंने कहा कि भारत का युवा राष्ट्रभक्त है और देशहित के खिलाफ किसी भी साजिश का डटकर मुकाबला करेगा। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी जोर देते हुए कहा कि मंत्री और अधिकारियों को पूरी ईमानदारी के साथ जनता की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। साथ ही भ्रष्टाचारियों, अपराधियों और समाज के अराजक तत्वों का सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिए। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद जम्मू–कश्मीर में लागू अलग संविधान, अलग निशान और अलग प्रधान की व्यवस्था का पुरजोर विरोध किया तथा एक देश, एक संविधान और एक निशान के लिए संघर्ष करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के अधूरे सपनों को साकार किया। पूर्व मंत्री एवं बिहारशरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, साबो देवी, जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप, शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री प्रवीण सिंह, अमरेश कुमार, राजू माहुरी, रंजू कुमारी, कंचन चंद्रवंशी, योगेंद्र मंडल, छोटे लाल राजवंशी, अमित शान, गीता यादव, विजयलक्ष्मी, शैलेन्द्र आर्य, सोनू कुमार हिंदू, विपिन झा, राजू कुशवाहा, महेंद्र सिंह यादव, विकास चंद्रवंशी, अनुग्रह नारायण, धीरज पाठक, रौशन कुमार यादव, कौशलेंद्र कुमार, इंदु कुशवाहा, डॉ. रेणु देवी, राजाराम पटेल, संदीप कुमार, महेंद्र गुप्ता, विश्वजीत उपाध्याय, रामलगन चौधरी, वीरभद्र चौधरी, राजकुमार दांगी, महेंद्र प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, अंजू रानी, सुभद्रा झा, कुमारी संयुक्ता सिन्हा, चंद्रप्रकाश, जय राम कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## राजगीर मॉब लिंचिंग कांड के मुख्य आरोपी ने किया कोर्ट में आत्मसमर्पण

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजगीर(नालंदा)।** शहर के बहुचर्चित झुनकिया बाबा मंदिर मॉब लिंचिंग कांड के मुख्य अभियुक्त दीनानाथ शरण ने मंगलवार को नालंदा व्यवहार न्यायालय बिहारशरीफ में आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण के बाद न्यायालय के आदेश पर उन्हें विधिसम्मत प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस इस आत्मसमर्पण को लगातार चल रही दबिश और सख्त कार्रवाई का परिणाम मान रही है। डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि एसपी भारत सोनी के निर्देश पर गठित विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) घटना के बाद से वायरल वीडियो, सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की पहचान कर उनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही थी। डीएसपी का दावा है कि लगातार गिरफ्तारी अभियान और बढ़ते दबाव के कारण पुरानी दशरथ किला झुनकिया बाबा मंदिर निवासी मुख्य अभियुक्त दीनानाथ शरण को अंततः न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। पुलिस के अनुसार इस बहुचर्चित कांड में सत्यापित सभी आरोपितों की गिरफ्तारी अथवा आत्मसमर्पण सुनिश्चित कर लिया गया है। मामले का अनुसंधान अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही न्यायालय में आरोप–पत्र दाखिल किया जाएगा। साथ ही मामले की त्वरित सुनवाई के लिए स्पीडी ट्रायल चलाने का अनुरोध भी किया जाएगा, ताकि दोषियों को जल्द से जल्द कानून के अनुसार सजा मिल सके। पुलिस ने दोहराया है कि कानून का राज कायम रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस जघन्य घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीएसपी का कहना है कि न्यायालय के माध्यम से प्रत्येक दोषी को उसके अपराध का विधिसम्मत दंड दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

## नगरनौसा में 4 घंटे के भीतर लूटकांड का खुलासा, दो अपराधी गिरफ्तार

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र में पंजाब नेशनल बैंक के समीप हुई लूट की घटना का नालंदा पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लूटे गए दो मोबाइल फोन, ₹1700 नकद तथा घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मामले का एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 29 जून को सदुविगहा गांव निवासी विकास कुमार, पिता सुभाष पासवान, अपने एक मित्र के साथ पटना से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नगरनौसा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास तीन अपराधियों ने दोनों को रोक लिया और मारपीट कर उनके पास से दो मोबाइल फोन एवं नकद रुपये लूट लिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। पीड़ित विकास कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर नगरनौसा थाना कांड संख्या 153/26 दिनांक 30 जून 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 309(6) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगरनौसा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नगरनौसा निवासी रवि कुमार (21 वर्ष) तथा पेठियापर निवासी सूरज उर्फ बाबा (29 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने अपने साथी बॉबी यादव, निवासी ढिवरापर मुशहरी, थाना नगरनौसा, के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से पीड़ितों के लूटे गए दोनों मोबाइल फोन, लूटी गई नकदी में से ₹1700 तथा अपराधियों के उपयोग में लाए जा रहे दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। फरार आरोपी बॉबी यादव की गिरफ्तारी के लिए संभा. वित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा कर दिया जाएगा।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी रवि कुमार के विरुद्ध नगरनौसा थाना में पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ वर्ष 2024 में चोरी, छिनतई, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा तथा हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में दो प्राथमिकी दर्ज हैं। इस कार्रवाई में नगरना. ैसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा, पुलिस अवर निरीक्षक राजेश यादव, सहायक अवर निरीक्षक रमेश कुमार, शंकर राम, सिपाही अनिकेत कुमार सिंह, नीरज पासवान तथा चालक सिपाही राजकुमार साव शामिल रहे। नालंदा पुलिस ने बताया कि नगरनौसा थाना की टीम ने सक्रिय पुलिसिंग का परिचय देते हुए महज चार घंटे के भीतर लूटकांड का सफल उद्भेदन कर आरोपियों की गिरफ्तारी और लूटे गए सामान की बरामदगी सुनिश्चित की, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

## हनुमानगढ़ी खंधा के पास युवक का संदिग्ध हालत में शव बरामद, करंट लगने से मौत की आशंका

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट इसलामपुर (नालंदा)।** इसलामपुर थाना क्षेत्र के पचलोवा पंचायत अंतर्गत दहौर बिगहा गांव के समीप हनुमानगढ़ी खंधा में मंगलवार की सुबह एक 35 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही इसलामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान दहौर बिगहा गांव निवासी नगीना दास के पुत्र कांग्रेस कुमार (35 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही हिलसा–2 के डीएसपी कुमार ऋषिराज, इसलामपुर थानाध्यक्ष रणविजय कुमार तथा पुलिस पदाधिकारी रामानुज सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की गहन जांच शुरू की। डीएसपी कुमार ऋषिराज ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि दहौर बिगहा गांव स्थित हनुमानगढ़ी खंधा में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके




पर पहुंची, जहां बोरिंग के पास कांग्रेस कुमार का शव बरामद किया गया।उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला करंट लगने से मौत का प्रतीत होता है। हालांकि, मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। घटना की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। वहीं, पचलोवा पंचायत के मुखिया पवन कुशवाहा उर्फ आशुतोष मुखिया ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया तथा कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत अंतिम संस्कार के लिए ₹3,000 की नकद सहायता राशि प्रदान की।




# फर्जी जमीन एग्रीमेंट कांड में बड़ी कार्रवाई

## मास्टरमाइंड डब्लू का एक और सहयोगी गिरफ्तार

### नकली जितेंद्र बनकर कराया था जमीन का एग्रीमेंट, पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा गया



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** चर्चित फर्जी जमीन एग्रीमेंट और धोखाधड़ी मामले में लहेरी थाना पुलिस ने एक और अहम सफलता हासिल करते हुए गिरोह के मास्टरमाइंड नीतीश कुमार उर्फ डब्लू के एक सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कतरीसराय थाना क्षेत्र के पलटपुर गांव निवासी शीतल प्रसाद (पिता– राजेंद्र प्रसाद) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार, शीतल प्रसाद फर्जी जमीन कारा. `बार के इस पूरे नेटवर्क का सक्रिय सदस्य था। जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी डब्लू ने उसे नकली श्जितेंद्रश बनाकर लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर स्थित शिवपुरी निवासी वीरेंद्र प्रसाद के साथ जमीन का एग्रीमेंट कराया था। आरोप है कि असली जमीन मालिक की जगह शीतल प्रसाद को फर्जी आधार कार्ड के साथ प्रस्तुत कर जमीन का सौदा करने की साजिश रची गई थी। इस मामले में पुलिस को काफी दिनों से शीतल प्रसाद की तलाश थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने पैतृक गांव पलटपुर में मौजूद है। सूचना मिलते ही लहेरी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव में छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किए जाने के बाद पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। लहेरी थानाध्यक्ष रणजीत कुमार रजक ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ में फर्जी जमीन कारोबार से जुड़े कई अहम खुलासे होने की संभावना है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस गिरोह में और कौन–कौन लोग शामिल हैं तथा फर्जी आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज तैयार करने वाले लोगों की भूमिका क्या रही है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद इस फर्जीवाड़े में शामिल अन्य लोगों के विरुद्ध भी साक्ष्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसियां यह भी खंगाल रही हैं कि इस गिरोह ने अब तक फर्जी दस्तावेज और नकली पहचान के माध्यम से कितने लोगों को जमीन की खरीद–बिक्री के नाम पर ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस को उम्मीद है कि आरोपी से पूछताछ के दौरान इस संगठित गिरोह के नेटवर्क और इसके अन्य सदस्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी, जिससे मामले में आगे और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# बरसात से पहले जलजमाव रोकने पर नगर निगम का जोर, पंपिंग, नाला उड़ाही और फॉगिंग के निर्देश



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ नगर निगम की नवगठित सशक्त स्थायी समिति की बैठक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक दोपहर 2 बजे शुरू हुई, जिसमें उपमहापौर सहित नव निर्वाचित सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की शुरुआत महापौर और उपमहापौर द्वारा नव निर्वाचित समिति के सदस्यों के संयुक्त स्वागत के साथ हुई। इसके बाद विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में आगामी मानसून को देखते हुए शहर के जलजमाव वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित कर वहां तत्काल पंपिंग सेट लगाने का निर्णय लिया गया, ताकि बारिश के दौरान लोगों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके अलावा शहर के प्रमुख नालों की पुनः उड़ाही कराने का भी निर्णय लिया गया, जिससे वर्षा जल का सुचारु निकास सुनिश्चित हो सके। साथ ही मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पूरे नगर क्षेत्र में नियमित रूप से फॉगिंग एवं एंटी–लार्वा दवा का छिड़काव कराने का भी फैसला लिया गया। बैठक में नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मानसून से पहले सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं, ताकि शहरवासियों को जलजमाव, गंदगी और संक्रामक बीमारियों से राहत मिल सके।

# नालंदा में बोले पूर्व सांसद– लोकतंत्र बचाने निकला हूं

## कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और एनकाउंटर संस्कृति पर उठाए सवाल



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** पूर्व सांसद एवं बाहु. बली नेता आनंद मोहन ने सोमवार की रात नालंदा जिले के मोरा तालाब में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोकतंत्र, कार्यकर्ताओं की उपेक्षा, सवर्ण रा. जनीति और भरत तिवारी एनकाउंटर को लेकर कई अहम बयान दिए। उन्होंने कहा, ष्नीतीश कुमार मेरे बड़े भाई हैं। हम दोनों का जन्म 1974 के जेपी आंदोलन की कोख से हुआ है। मैं उनका चमचा नहीं हूं, बल्कि उनका भाई हूं। भाई को भाई से ज्यादा मोहब्बत होती है। मैं किसी पुत्र या पत्नी मोह में नहीं हूं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने और जनता के वाजिब सवालों को उठाने के लिए निकला हूं। आनंद मोहन ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं की पूरी जिंदगी पार्टी का झंडा ढोने और लाठियां खाने में गुजर जाती है, उन्हें उचित सम्मान और अवसर नहीं मिलता। दूसरी ओर, पर्दे के पीछे राजनीति करने वाले लोगों ने सत्ता का दुरुपयोग कर बिहार, दिल्ली, मुंबई से लेकर सिंगापुर और दुबई तक हजारों करोड़ रुपये का आर्थिक साम्राज्य खड़ा कर लिया है। अपने संबोधन में उन्होंने मगध के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां एक बार फिर राजा बृहद्रथ और पुष्यमित्र शुंग वाली कहानी दोहराई गई है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम लिए बिना राजनीतिक परिस्थितियों की ओर इशारा किया। अपने ऊपर लगाए जा रहे पुत्र और पत्नी मोह के आरोपों को खारिज करते हुए आनंद मोहन ने कहा कि यदि उन्हें परिवार का मोह होता तो वे राजनीति में सक्रिय नहीं रहते। उन्होंने कहा कि उनके घर में पत्नी सांसद हैं और बेटा विधायक है। इसके बावजूद वे जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि हमारे लिए सिर्फ पीएचईडी (चापाकल), खेल–कला, आप. ूर्ति और सहकारिता जैसे विभाग ही क्यों आरक्षित रहते हैं? सवर्णों की राजनीतिक भ. ागीदारी पर उन्होंने कहा, राजपूत गद्दार नहीं होता, लेकिन बागी जरूर होता है। हम समाज के हर वर्ग को सुरक्षा देते हैं और जुल्म को कभी जातियों में नहीं बांटते। भरत तिवारी एनकाउंटर मामले पर आनंद मोहन ने मीडिया और पुलिस व्यवस्था दोनों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मीडिया पहले किसी व्यक्ति को ऐसा अपराधी बताती है, जिसने पुलिस को कार्रवाई के लिए विवश कर दिया हो, लेकिन एनकाउंटर के बाद उसी व्यक्ति को भगत सिंह जैसा प्रस्तुत करने लगती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी पुलिस अधिकारी को यह अधिकार नहीं है कि आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्ति का एनकाउंटर कर दे। यदि कोई व्यक्ति न्यायिक हिरासत में है, तो उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की होती है। आनंद मोहन ने कहा कि पुलिस का काम अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करना है। दोषी या निर्दोष होने तथा सजा तय करने का अधिकार केवल अदालत को है। यदि पुलिस ही एनकाउंटर के जरिए सजा देने लगेगी, तो न्यायपालिका की आवश्यकता ही क्या रह जाएगी।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# फोर्ड डेंटल हॉस्पिटल नए भवन में हुआ शिफ्ट

## अब आधुनिक सुविधाओं से मरीजों को मिलेगा बेहतर उपचार



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले के हरनौत बाजार में पिछले लगभग 10 वर्षों से दंत चिकित्सा सेवाएं दे रहा फोर्ड डेंटल हॉस्पिटल सा. `मवार से अपने नए भवन में शिफ्ट हो गया ।अ. स्पताल का नया परिसर पुरानी पेट्रोल पंप के बगल में रांची रोड़ में स्थित है ।जहां अब मरीजों को अत्याधुनिक उपकरणों और आधुनिक सुविधाओं के साथ दंत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। दंत चिकित्सक डॉ. रजनीश कुमार ने बताया कि नए भवन में क्लीनिक को अधिक विस्तृत और सुविधाजनक स्वरूप दिया गया है। पहले क्लीनिक ग्राउंड फ्लोर पर संचा. लित होता था, जबकि अब इसे पहली मंजिल पर आधुनिक संसाधनों के साथ स्थापित किया गया है, ताकि मरीजों को बेहतर वातावरण और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके ।अस्पताल में दांतों की जांच, सफाई, फिलिंग, रूट कैनाल ट्रीटमेंट, दांत निकालना, कैप एवं ब्रिज, कॉस्मेटिक डेंटिस्ट्री तथा मसूड़ों से संबंधित रोगों का उपचार किया जाएगा। इसके अलावा डिजिटल एक्स–रे, आधुनिक डेंटल चेयर और संक्रमण नियंत्रण के उच्च मानकों के अनुरूप उपचार की व्यवस्था भी की गई है ।नए भवन में उद्घाटन फीता कर अतिथियों के द्वारा किया गया ।इस दौरान हरनौत प्रखंड जदयू अध्यक्ष रविकांत कुमार, नपं के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह , बस्ती पैक्स अध्यक्ष व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह, आरपीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ उपेंद्र सिंह,डॉ तन्नु कुमारी, भूतपूर्व मुखिया बराह मनीष कुमार,डॉ धनंजय कुमार सहित अन्य मौजूद थे। वहीं डॉ. रजनीश कुमार ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य हरनौत एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दंत तथा बेहतर मौखिक स्वास्थ्य के स्थानीय स्तर पर आधुनिक, चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# हरनौत नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति की हुई बैठक



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत नगर पंचायत में स्थित नगर पंचायत कार्यालय के कार्यपालक पदाधिकारी कक्ष में मुख्य पार्षद बबीता देवी की अध्यक्षता में मंगलवार को सशक्त स्थायी समिति की बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में नगर क्षेत्र के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा हुई। जिसमें उप मुख्य पार्षद गीता देवी, बिजली आपूर्ति प्रशाखा हरनौत के जेई मनीष कुमार,नगर पंचायत के जेई मनीषा कुमारी,सशक्त स्थायी समिति के नव निर्वाचित सदस्य में सुनिल कुमार,अनिल कुमार व सूरज कुमार सहित अन्य मौजूद थे। वहीं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन ने बताया कि बैठक में सबसे पहले नगर पंचायत क्षेत्र में लगने वाली स्ट्रीट लाइटों के बिजली बिल भुगतान से संबंधित प्रस्ताव पर विचार किया गया ।ताकि रोशनी व्यवस्था निबा. `ध बनी रहे ।इसके अलावा नपं में कार्यरत तकरीबन 110 सफाई कर्मियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें ड्रेस, साबुन, सफाई उपकरण उपलब्ध कराने, भविष्य निधि (पीएफ) एवं ईएसआईसी जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं से जोड़ने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई । साथ ही आगामी मानसून को देखते हुए जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए आवश्यक स्थ. ानों पर नियमानुसार ह्यूम पाइप लगाने तथा राबिश गिराने के प्रस्ताव पर भी समिति विचार की। साथ ही विभिन्न वार्डों में नालों की सफाई के लिए पोपलेन मशीन से विशेष अभियान चलाने की योजना पर चर्चा हुई, ताकि बरसात के दौरान जलनिकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहे ।ईओ ने कहा कि बैठक में एक लाख रुपये तक की विकास योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए संवेदकों का पैनल तैयार करने के प्रस्ताव पर भी निर्णय लिया गया । इसमें कहीं का संवेदक शामिल हैं ।इससे छोटे विकास कार्यों को समय पर पूरा करने में सु. विधा होगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। वहीं पार्षद प्रतिनिधि शिशुपाल कुमार ने बताया कि सशक्त स्थायी समिति की बैठक में अफहर शाही दिखा ।मुख्य व उप मुख्य पार्षद दिखें साईड में बैठे दिखे जबकि ईओ मुख्य कुर्सी पर बैठे थे। जबकि अध्यक्षता मुख्य पार्षद बबीता ने की। इसको लेकर ईओ ने कहा कि अगले बार से बैठक में ध्यान दिया जाएगा ।ऐसा जगह के अभाव के कारण किया गया।







अपने क्षेत्र के खबर भेजने या
विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015



# 8 माह के अपहृत मासूम को नालंदा पुलिस ने 72 घंटे में किया सकुशल बरामद, चाची भतीजा गिरफ्तार

## मिंटू देवी ने दिव्यांग धर्मेंद्र को शादी कराने की बात को लेकर आठ माह के बच्चा को चोरी की घटना को दिया अंजाम

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** छबिलापुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में चार दिन पूर्व आठ माह के बच्चों के हुए अपहरण कि मामले को उजागर करते हुए पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि 26 जून की रात एक बजे महेश मांझी के आठ वर्षीय पुत्र जनसुराज मांझी को घर में सोते समय किसी ने चुरा लिया था। जिसे अपहरण की घटना को लेकर बच्चा के माता–पिता ने छबिलापुर थाने में एफआईआर दर्ज करवायी थी। डीएसपी ने टीम गठित कर कंचनपुर गांव मे करीब 31 घरों में सघन तलाशी एवं पूछताछ की। गांव के धर्मेंद्र कुमार एवं उनके चाची मिंटू देवी को शक के आधार पर कड़ी पूछताछ की गई। धर्मेंद्र कुमार ने इस अपहरण की घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि मैं पोलियो से ग्रसित हूं। इस कारण मेरी शादी नहीं हो रही थी जिसको लेकर वह अपनी चाची मिंटू देवी को किसी तरह शादी कराने के बात कहा था। चाची मिंटू देवी ने कहा कि मेरी फुफेरी गोतनी की बेटी को संतान नहीं हो रहा है। इसके लिए मुझे एक नन्हा सा बच्चा कहीं से भी लाकर दो तब तुम्हारी शादी करा दूंगी। इसी बात को लेकर दिव्यांग धर्मेंद्र कुमार ने गांव के ही महेश मांझी के आठ वर्षीय पुत्र जनसुराज को घर पर सोते समय ही चुराकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के दविस के कारण बच्चे को कंचनपुर गांव के ही सड़क के किनारे खंधे के पास से सकुशल बरामद किया गया। बच्चा माता–पिता को सौंप दिया गया।



इस अपहरण के मामले में कंचनपुर गांव निवासी रविंद्र प्रसाद के पुत्र धर्मेंद्र कुमार एवं अशोक कुमार की पत्नी मिंटू देवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। छापेमारी अभियान में इंस्पेक्टर संजय कुमार, राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार, छबिलापुर थानाध्यक्ष अनोज कुमार पाठक, पुलिस अवर निरीक्षक उत्तम कुमार झा, पुलिस निरीक्षक आलोक कुमार एवं राजेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।



# मनरेगा अब विकसित भारत मिशन, 125 दिन का मिलेगा रोजगार

## हरनौत में पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित प्रखंड मनरेगा कार्यालय में मंगलवार को विकसित भारत रोजगार एवं आ. जीविका गारंटी मिशन अधिनियम–2025 को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सुबीली देवी, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रणविजय सिंह पटेल, उप प्रमुख प्रमोद राम, लेखापाल मो अनवर सहित विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, मुखियाओं,पंचायत समिति सदस्यों एवं विभागीय कर्मियों ने भाग लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनरेगा पीओ आनंद कुमार ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर अब विकसित भारत रोजगार एवं आ. जीविका गारंटी मिशन कर दिया गया है।
उन्होंने बताया कि पंचायतों में योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान कच्चे और पक्के कार्यों का 60:40 अनुपात पूर्व की भांति लागू रहेगा।. उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के तहत पहले जहां100दिनों के रोजगार की गारंटी थी,वहीं अब लाभुकों को125दिनों का गारंटीकृत रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए लाभुकों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।पीओ ने कहा कि रबी एवं खरीफ फसलों की बुआई के दौरान 10–10 दिन तथा दोनों फसलों की कटाई के समय 20–20 दिनों तक मिशन के अंतर्गत कार्य नहीं कराया जाएगा।उन्होंने जनप्रतिनिधियों से गांवों में भ्रमण कर अधिक से अधिक जनोपयोगी एवं दृश्यात्मक योजनाओं का चयन करने तथा आवश्यकता पड़ने पर रात्रि चौपाल के माध्यम से योजनाएं तैयार करने का आह्वान किया। नाला, खेत पोखर, सड़क सहित अन्य आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही गई।उन्होंने जानकारी दी कि जॉब कार्ड बनने के बाद लगातार तीन वर्षों तक कोई कार्य नहीं होने पर जॉब कार्ड स्वतः निष्क्रिय हो जाएगा। वहीं योजनाओं के संचालन से समायोजन तक की प्रक्रिया के लिए 60 कार्य दिवसों की समय–सीमा निर्धारित की गई है।मजदूरों को अब साप्ताहिक भुगतान की व्यवस्था भी लागू की गई है।बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कों,सरकारी भवनों की मरम्मत सहित अन्य विकासात्मक कार्य भी अब इस मिशन के तहत कराए जा सकेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कनीय अभियंता कुमार, पंचायत तकनीकी सहायक सत्येंद्र कुमार,राजेश कुमार,सुनील कुमार,राजीव कुमार सहित मुखिया प्रतिनिधि रविशंकर कुमार,कमलेश कुमार उर्फ पिंटु यादव, श्याम सुंदर उर्फ धीरज सिंह, हरिनारायण सिंह, सतीश कुमार उर्फ बड़े पासवान, राजीव कुमार उर्फ सोनू,अशोक कुमार रजक,सुमिंदर सिंह,पंचायत समिति सदस्य राणा शैलेश सिंह,शिव जी प्रसाद, प्रवीण सिंह,रौशन कुमार, राजीव कुमार,मुनि शर्मा,एवं चंदन पासवान, लक्ष्मण कुमार समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बिरजु मिल्की,द्वारिका बिगहा, कल्याण बिगहा व सरथा में धान की रोपाई में जुटे किसान, बरसात के इंतजार में नलकूपों से भर रहे खेत, 12 हजार 193 हेक्टेयर में है लक्ष्य

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के द्वारिका बिगहा, बिरजू मिल्की, सरथा,कल्याण विगहा सहित अन्य गांव के किसान बारिश न होने के बावजूद धान की रोपाई शुरू कर दी है। कृषि विभाग के अनुसार प्रखंड में 12 हजार 193 हेक्टेयर में धान की खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं, लेकिन खेतों में हलचल दिखाई पड़ने लगी है। जिन किसानों की नर्सरी तैयार हो चुकी है, वे नलकूपों और निजी पंपसेटों के जरिए खेतों में पानी भरकर रोपाई का काम कर रहे हैं।किसानों का मानना है कि किसी तरह रा. `पाई पूरी हो जाने पर बारिश होने के दौरान फसल की बढ़वार तेजी से होगी। हालांकि, नल. कूपों और पंपसेटों के सहारे खेतों में पानी भरकर रोपाई करना किसानों के लिए महंगा साबित हो रहा है। बिरजू मिल्की के किसान मनोज कुमार , ब्रजेश सिंह,द्वारिका बिगहा के किसान अरूण सिंह ने बताया कि वे हर साल 25 मई तक धान की नर्सरी डाल देते हैं और जून के अंतिम सप्ताह में रोपाई शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा, ष्इस वर्ष भी धान की नर्सरी तैयार हो गई है और मैं रोपाई कर रहा हूं।




खेत में धान रोपा रहेगा तो वर्षा आते ही पौधों में तेजी से विकास होगा और अच्छी पैदावार मिलेगी। किसानों ने बताया कि 500 रूपये प्रति मजदुर धान रोपाई मजदूर मिल रहा है। एक बिगहा में 1200 रूपये में ठेका भी देते हैं।जबकि 12 सौ रुपए प्रति बीघा के हिसाब से ट्रैक्टर,पावर टिलर आदि के मालिक जुताई करने के लिए लेते हैं। किसानों ने उन्होंने कहा कि एक बीघा में 30 मन की धान उपज होनी की उम्मीद है। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी(बीएओ) ब्रजकिशोर चरण ने बताया कि प्रखंड में लक्ष्य का पांच फिसदी हिस्सा में धान रोपाई किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि किसान से अपिल की है कि खरिफ महाअभियान के तहत जुलाई तक धान रोपाई कर देनी चाहिए।

# महान वीरांगना, प्रथम स्वतंत्रता सेनानी ऊदा देवी पासी का जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ के नाला रोड स्थित ब्लॉक चौक पर अतिपिछड़ा/दलित/अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में प्रथम स्वतंत्रता सेनानी ऊदा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए उनकी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता,गांव बचाओ संघर्ष मोर्चा के संस्थ. ापक चंद्रशेखर प्रसाद ने की। इस मौके पर अतिपिछड़ा/दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी ने कहा कि 1857 की क्रांति की महान वीरांगना ऊदा देवी पासी का जन्म 30 जून 1830 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले के उजरियावॉ (वर्तमान गोतमी नगर) गांव में एक पासी परिवार में हुआ था। ऊदा देवी को उनकी वीरता के साथ–साथ एक नेता के रूप में उनके कौशल के लिए भी याद किया जाता है। उनकी यह प्रेरणा उनके पति मक्का पासी के शहादत से मिली थी। इन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध हथियार उठाने के लिए लोगों, विशेषकर दलित महिलाओं को एकजुट करने का कार्य किया।वह 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अवध के नवाब वाजिद अली शाह के महिला दस्ते की सेना का हिस्सा थी। लखनऊ के सिकंदराबाद में नवाब वाजिद अली शाह के सेना आराम कर रही थी तभी अंग्र. `जों ने मध्य रात्रि के समय उन पर आक्रमण कर दिया और तभी उन्होंने पुरुष वस्त्र पहनकर गोला बारूद लेकर लखनऊ के सिकंदर बाग में एक पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेज सिपाहियों को मार डाला था। जब तक वह लड़ती रही जब तक गोला बारूद खत्म न हो गया हो।अंग्रेजों से लड़ते हुए 16 नवंबर 1857 को वीरगति प्राप्त की थी। इस मौके पर अति पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव उमेश पंडित कमलेश कुमार कमल फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव महेंद्र प्रसाद अजीत कुमार चौधरी जगलाल चौधरी अजय कुमार शैलेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।




